COPY LINK to Share: http://www.ucpvoicenews.com/viewnewsad.php?link=1678719508
Universal Reporter : Surendra Pratap Singh **CELL :** 9530251860 Contact for NEWS & Advertisement
Published Date : 13/03/2023 02:03:28 pm and **Last Updated On :**
News Category : EDUCATION **Visitors :** 146

TITLE: भवानी आदर्श विद्या मंदिर में कक्षा दसवीं का मंगलकामना समारोह संपन्न हुआ।

NEWS DESCRIPTION :

आज भवानी आदर्श विद्यामंदिर मे कक्षा दसवीं का मंगलकामना समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आगंतुक महाअनुभवो का स्वागत एवं परिचय प्रधानाचार्य श्री रामचंद्र जी पालीवाल ने करवाया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री हंसराज जी और अध्यक्ष श्री शैलेश जी प्रबंध समिति आदर्श विद्या मंदिर सचिव श्री मिश्रीलाल जी प्रजापत, श्री किशन जी गहलोत, बाबूलाल जी परिहार, सुनील जी सालेचा संरक्षक विद्यालय समिति श्री योगेश जी माहेश्वरी विद्यालय पालक श्री गोपाल सिंह जी कोषाध्यक्ष श्री पुखराज जी सांखला सदस्य ओम जी महेश्वरी, उदाराम जी पटेल, श्री ज्ञानेश्वर जी गहलोत, ज्ञाना राम जी सेवा धाम आदि उपस्थित थे। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए श्री हंसराज जी ने कहा प्राचीन भारतीय शिक्षा गुरुकुल में दी जाती थी। लेकिन आदर्श विद्या मंदिर में तो यह शिक्षा आज भी प्रचलित है ऐसी शिक्षा पद्धति वास्तव में संस्कारित नागरिकों का निर्माण करती है कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री शैलेश जी ने कहा कि मेरा बड़ा दुर्भाग्य है कि मैं आदर्श विद्या मंदिर जैसे विद्यामंदिरों मैं शिक्षा प्राप्त नहीं कर सका। वास्तव में यह विद्या मंदिर संसार के श्रेष्ठ विद्या मंदिरों में से एक है श्री मिश्रीलाल जी प्रजापति ने कहा कि बालकों को परीक्षा देने से पूर्व उन सभी बातों का ध्यान में रखकर जैसे परीक्षा की तिथि, परिचय पत्र, पेन व पेंसिल को ध्यान में रखकर परीक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए। नियमित पाठ 8 घंटे निंद्रा को भी ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को पढ़ाई करनी चाहिए। धन्यवाद श्री सुनील जी सालेचा ने दिया संचालन श्री भवानी सिंह जी और हिमांशु जी सोलंकी ने किया।

News/Event ADDRESS : MADHUBAN HOUSING BOARD BASNI JODHPUR
News CITY : जोधपुर
STATE : राजस्थान
COUNTRY : INDIA
Other Weblink :